शॉर्ट न्यूज़: 14 जनवरी, 2021

sanskritiias.com/hindi/short-news/14-january-2021

भारतीय रेलवे वित्त निगम (IRFC)

भारतीय रेलवे वित्त निगम (IRFC)

संदर्भ

हाल ही में, भारतीय रेलवे वित्त निगम का आई.पी.ओ. (IPO) जारी करने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- आई.आर.एफ.सी. (IRFC) का आई.पी.ओ. सार्वजनिक क्षेत्र में किसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) द्वारा पहला आई.पी.ओ. है।
- आई.आर.एफ.सी. पी.एस.यू. (PSU) सेक्टर का पहला एन.बी.एफ.सी. है, जो सार्वजनिक हो रहा है।

भारतीय रेलवे वित्त निगम

- आई.आर.एफ.सी. वर्ष 1986 में स्थापित घरेलू और विदेशी बाजारों से धन जुटाने के लिये भारतीय रेलवे की एक समर्पित वित्तपोषण शाखा है।
- आई.आर.एफ.सी. का मुख्य उद्देश्य भारतीय रेलवे की 'अतिरिक्त बजटीय संसाधन' (EBR) की आवश्यकता के बड़े हिस्से को बाजार की उधारी के माध्यम से सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी दरों और शर्तों पर पूरा करना है।
- आई.आर.एफ.सी., रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में अनुसूची 'A' के सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के अंतर्गत जमा न लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एन.बी.एफ.सी.)और इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी है।

- विदित है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अप्रैल 2017 में पाँच रेलवे कंपनियों को सूचीबद्ध करने की मंजूरी दी थी। उनमें से चार- इरकॉन (IRCON) इंटरनेशनल लिमिटेड, राइट्स लिमिटेड (RITES Ltd), रेल विकास निगम लिमिटेड और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्प (IRCTC) पहले ही सूचीबद्ध हो चुके हैं।